हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 11 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 13 .4 डिग्री
न्यूनतम 6 .2 डिग्री

12 पड़ाव थाना एसएचओ को लगाई फटकार



12 रैन बसेरों का एडीसी ने किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### पूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह 15 को

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### स्नेचिंग में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला**। थाना महेशनगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित व आरोपी गौरव उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 7 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि फ्लाईओवर के पास से मोटरसाइकिल सवार दो लडकों ने उससे पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रास्ता रोककर मारपीट करने वाले काबू

अंबाला। थाना पडाव मे दर्ज रास्ता रोककर, अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र सिंह व मलकीत सिंह को गिरफ्तार किया है। फडौली के संजीव कुमार ने 11 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी ।

### पानीपत में दो दोस्तों से 3.70 लाख रूपये लूटे

**पानीपत**। पानीपत में दिनदहाड़े दो दोस्तों विवेक का दोस्त शुभम निवासी कच्चा कैंप पानीपत से बाइक सवार दो बदमाशों ने चाकू के बल पर 3.70 लाख लूट लिए। पुलिस को दी शिकायत में विवेक के पिता गंगा प्रसाद ने बताया कि उसका बेटा विवेक घर से करीब 2.70 लाख लेकर चला था। वह स्कूटी पर सवार होकर दोस्त संग बैंक पहुंचा। यहां से भी 1 लाख निकलवाए। दोनों स्कूटी से फैक्ट्री की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे बाइक नकाबपोश दो बदमाश आए और उन्हें रुकवाया। जैसे ही वे रुके, बदमाशों ने उन्हें चाकू दिखाकर उनसे कैश लूटा और स्कूटी की चाबी निकाल कर फरार हो गए।

### अवैध असला सप्लायर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत**। सीआईए वन पुलिस टीम ने अवैध असला की सप्लाई करने वाले आरोपी सुमित उर्फ बोना पुत्र सुनील निवासी भारत नगर बबैल रोड, पानीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने उमेश पुत्र चरण सिंह निवासी अक्सौली एटा यूपी हाल संत नगर पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल पांच हजार रूपये में बेचा था।

### हादसे में युवक की मौत

**पानीपत**। पानीपत में एक ट्रक ने बाइक को पीछे से तेज गति से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो सगे भाई सरेंद्र व सचिन नीचे गिर गए। सुरेंद्र को गंभीर हालत के चलते निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शिक्षा मंत्री से मिलने जा रहे अतिथि अध्यापकों को पुलिस ने रोका तो सड़क पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस व अधिकारी जाम खुलवाने के लिए अथिति अध्यापकों को मनाने में जुटे

हरियाणा भर के अतिथि अध्यापकों ने बुधवार को अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद अतिथि अध्यापक रोष जुलूस निकालते हुए जगाधरी सथित शिक्षा मंत्री कांवरपाल के निवास स्थान पर मिलने के लिए जाने लगे तो रास्ते में पुलिस ने जगाधरी के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर चौक पर उन्हें रोक लिया । जिसके बाद अध्यापक वही सड़क पर बैठ गए और जाम लगा दिया। पुलिस व अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझा कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं।

बुधवार को राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में पहले अतिथि अध्यापकों ने जगाधरी अनाज मंडी में प्रदेशस्तरीय रैली की। इस रैली में प्रदेश के सभी जिलों से ढाई से तीन हजार अतिथि अध्यापक जुटे। राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनकी केवल एक ही मांग है कि अतिथि अध्यापकों को पक्का किया जाए। इसके बाद वह रोष जुलूस निकालते हुए शिक्षा मंत्री को मिलने के लिए उनके आवास की तरफ कूज करने लगें तो रास्ते में पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर उन्हें रोक दिया । जिसके बाद अतिथि अध्यापक सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे। जिससे सड़क पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को जाम खुलवाने के लिए उन्हें समझाने के प्रयास शुरू कर दिए। समाचार लिखे जाने तक अतिथि अध्यापक सड़क पर धरना प्रदर्शन करने में लगे हैं।






**यमुनानगर।** जगाधरी में रोष जुलूस निकालकर शिक्षा मंत्री के निवास स्थान पर मिलने जाते हुए व रास्ते में पुलिस द्वारा रोकने पर सड़क पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन करते अतिथि अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### 31 दिसंबर को पुलिस ने किया था लाठीचार्ज

इससे पहले 31 दिसंबर को अतिथि अध्यापकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। कई जिलों से जुटे अतिथि अध्यापक जगाधरी में गुप्ता पैलेस के पास एकत्रित हुए थे। वह शिक्षा मंत्री से मिलने जाना चाहते थे परंतु पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद अध्यापकों ने वहीं पर धरना देना चाहा तो पुलिस ने लोगों की परेशानी का हवाला देते हुए उन्हें जगाधरी अनाज मंडी में धरना देने को कहा। अध्यापक जगाधरी मंडी में प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर के आवास की तरफ जाने की जिद करने लगे। जिस पर पुलिस ने अध्यापकों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में अध्यापक मंच के राज्य प्रधान राजेंद्र शास्त्री समेत कई अध्यापक जख्मी हो गए थे। तब से उनका धरना अनाज मंडी जगाधरी में चल रहा है। इतना ही नहीं पुलिस ने एक दर्जन से अधिक अतिथि अध्यापकों पर थाने में केस भी दर्ज किया था। मौके पर पारस शर्मा,मास्टर बलबीर,प्रदीप बतान,संजय तोशाम,रघु वत्स, रवीश व सुभाष आदि मौजूद ।

# नपा कर्मियों ने समान काम समान वेतन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

## सरकार से की मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मांगें पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन करने की दी चेतावनी

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा(संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) जगाधरी जोन के नपा कर्मचारियों ने समान काम समान वेतन समेत अन्य मांगो को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर बड़ा आंदोलन शुरु करने की चेतावनी दी।

बुधवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ जगाधरी जोन के सैंकड़ो नपा कर्मचारी प्रधान विक्की पारचा व सचिव प्रिंस के नेतृत्व में निगम कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने ठिठूरती ठंड में कई घंटे तक प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर प्रधान विक्की पारचा व उप प्रधान श्रीचंद ने का कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल व स्थानीय प्रशासन के बीच समान काम समान वेतन को लेकर कई बार बात हो चुकी है। मगर स्थानीय प्रशासन हर बार झूठे वादे करता है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। जिससे मजबूर होकर संघ ने आंदोलन करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया उनकी मुख्य मांगे समान काम समान वेतन के तहत भुगतान किए जाने, ठेका प्रथा बंद किए जाने, बेगार प्रथा बंद किए जाने आदि समेत अन्य मांगे हैं। उनकी सरकार और स्थानीय प्रशासन से सभी मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग है। मौके पर सोनू शर्मा, राजन, मुकेश, गौरव, पवन व राजेंद्र आदि ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।



यमुनानगर में नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य अपनी मांगो को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते पटवारी। फोटो : हरिभूमि

# पटवारियों की हड़ताल से कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सरकार से बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी किए जाने की मांग

मांगों को लेकर पटवारियों का धरना बुधवार को भी जारी रहा। पटवारियों ने कहा कि सरकार ने पटवारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया। अगर मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर पटवारियों की हड़ताल जिला प्रधान डा. साहब सिंह सैनी की अध्यक्षता में जारी रही। पटिवारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जबकि राजस्व विभाग इस मामले में अपनी संतुष्टि दे दी थी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में पटवारी की संख्या जहां चार हजार के आसपास होनी चाहिए थी, अब मात्र 1400 पटवारी ही काम कर रहे हैं। जिससे पटवारियों पर काम का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। ऐसे में सरकार यथाशीघ्र पटवारी की नियमित भर्ती करे, ताकि जनता के काम भी समय पर हो सकें। उन्होंने कहा कि 2019 से गिरदावरी कंप्यूटर सहायक का पैसा आजतक भी नहीं मिला है। वहीं पटवारी की गिरदावरी का समय डेढ़ महीना किया जाए, ताकि पटवारी गिरदावरी समय से कर सकें। प्रत्येक जिला में एसोसिएशन द्वारा उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भी भेजे जा रहे हैं। जिसमें मांग की जा रही है कि नायब तहसीलदार की विभाग की परीक्षा जो साल में दो बार करवाए जाने का प्रावधान है। वह तीन साल बीतने पर एक बार भी नहीं हुई है। जिससे कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही सेवानिवृत हो रहे हैं। सरकार इस परीक्षा को जल्द से जल्द करवाए।

# अर्थ मूवर्स एसोसिएशन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन




**कुरुक्षेत्र।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अर्थ मूवर्स एसोसिएशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- खेत की मिट्टी को माइनिंग से बाहर करने की मांग

अर्थ मूवर्स एसोसिएशन द्वारा मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्य उधम सिंह चौंक के नजदीक एकट्ठे हुए और नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचे। जानकारी देते हुए सुरेंद्र मिजार्पुर ने कहा कि खेत की मिट्टी उठान के कार्य को माईनिंग से अलग किया जाना चाहिए। जब से मिट्टी कार्य को माईनिंग विभाग के अंतर्गत लाया गया है तब से जिन किसानों के खेत हैं उनको समतल करवाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस बाबत 7 जनवरी को जींद में अर्थ मूवर्स एसोसिएशन की बैठक हुई थी जिसमें फैसला लिया गया है कि यदि 20 जनवरी तक मिट्टी उठान के कार्य को माईनिंग से बाहर नही किया गया तो मिट्टी से संबंधित सभी कार्य रोक दिए जाएंगें। एसोसिएशन के पदाधिकारी ईश्वर सैनी व कमल किशोर शर्मा ने कहा कि सरकार के इस फैसले से जेसीबी मशीन संचालकों व ट्रेक्टर चालकों की रोजी रोटी पर भी बुरा असर पड़ा है। इस संबंध में विभाग द्वारा 2 लाख से 20 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा रहा है। इस प्रकार का जुमार्ना भरने के लिए इन लोगों को अपना घर व जमीन तक बेचनी पड़ रही है। प्रदर्शन में राजबीर सिंह, सतबीर सिंह, मनोज कुमार, रोबिन, नफे सिंह, रविंद्र कुमार, बीके सैनी, सुरेश सैनी, गुरमीत, महावीर राणा, राजकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से मां व बेटी की मौत, दूसरी बेटी गंभीर, बाल बाल बचा पति

पानीपत। पानीपत में रोहतक हाईवे पर सडक पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से मां व बेटी की मौत हो गई, जबकि मृतक महिला का पति बाल बाल बच गया, वहीं दूसरी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल लडकी का पीजीआई में उपचार चल रहा है। इधर, हादसे के बाद ट्रक का चालक अपने वाहन के साथ फरार हो गया। मृतकों की पहचान 21 वर्षीय निशा पत्नी विकास और सुनैना मूल निवासी गांव सदरपुर जिला लालनंदा, बिहार हाल निवासी गांव नौल्था के रकबे में स्थित फैक्टरी के रूप में हुई है। मृत निशा के पति विकास ने इसराना थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि करीब एक साल से वह गांव नौल्था की एक फैक्ट्री में काम करता है यहां पर ही परिवार के साथ रहता है। नौ जनवरी की शाम वह अपनी पत्नी निशा, बेटी नैना और सुनैना के साथ दुकान से घरेलू सामान लेकर फैक्ट्री लौट रहा था। रास्ते में ट्रक ने निशा, नैना, सुनैना को टक्कर मार दी थी। हादसे में निशा व सनैना की मौत हो गई, जबकि नैना का पीजीआई में उपचार चल रहा है। इधर, विकास की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद निशा व सुनैना के शव विकास को सौंप दिए।

# टेक्सटाइल उद्योग ठंड से हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- कोहरे, नमी, ठंड के कारण नहीं सूख रहा धागा व कपडा, डाई उद्योग पूरी तरह से ठप

ठंड के प्रकोप से जहां मानवीय जीवन प्रभावित है। वहीं पानीपत का टेक्सटाइल उद्योग भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सर्दी कोहरे के चलते धूप नहीं निकल रही, इस कारण कपड़े और धागे का रंगाई उद्योग पूरी तरह से बंद है। स्मरणीय है कि टेक्सटाइल के उत्पाद बनाने से पहले दाग और कपड़े की रंगाई की जाती है इसके बाद विभिन्न तरह के टेक्सटाइल उत्पादों का निर्माण किया जाता है दी उद्योग को टेक्सटाइल उद्योग की मां का दर्जा प्राप्त है। वहीं मौसम के बदले मिजाज के कारण रंगाई का कार्य पूरी तरह से ठप है, इसके चलते अधिकतर टेक्सटाइल फैक्ट्री में भी तीन के बजाए एक ही शिफ्ट में काम हो रहा है। पानीपत डायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भीम राणा ने बताया कि सर्दी अधिक होने के कारण वातावरण में नमी बढ़ जाती है, कोहरा छा जाता है, धूप नहीं निकलती, इसके चलते रंगाई के कारण कपड़ा और धागा सूख नहीं पता यदि सूख भी जाता है तो उसे पर वह चमक नहीं आती, जो धूप में सूखने के बाद आती है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर के बाद से लेकर 1 फरवरी तक सर्दी कोहरे और वातावरण में नमी के चलते दी उद्योग लगभग बंद ही रहता है फरवरी में मौसम खुल जाता है हवा बहती है धूप निकलती है तब उठाई उद्योग फिर से शुरू होता है उन्होंने बताया कि दी उद्योग के बंद होने के कारण टेक्सटाइल की फैक्ट्री में भी कामकाज तीन के बजे एक या दो शिफ्ट में ही चलता है। उन्होंने बताया कि बहुत ही इमरजेंसी वाले माल को ड्रायर में सूखाया जाता है, लेकिन ड्रायर का प्रयोग महंगा पडता है और माल की गुणवत्ता पर भी असर रहता है। उन्होंने बताया कि फरवरी में मौसम खुलने के बाद कामकाज ढर्रे पर आ पाएगा।

## रेस्टोरेंट संचालक लापता, पत्नी से बातचीत करने के बाद कर दिया फोन बंद

- परिजनों के साथ अब पुलिस भी संचालक को तलाशने में जुटी

**अंबाला**। रेस्टोरेंट संचालक लापता हो गया। परिजनों के बाद अब पुलिस भी उसे तलाश रही है। गांव कौंला का अविनाश खुड्डा कलां के पास टू स्पून नाम से रेस्टोरेंट है। अविनाश 8 जनवरी की शाम 4 बजे से लापता है। अविनाश के छोटे भाई ने बताया कि उसके भाई ने बीए, एमए और होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद महेश नगर में ढाई साल पहले रेस्टोरेंट ओपन किया था। एक माह पहले ही खुड्डा गांव में शिफ्ट किया था।अविनाश की नवंबर 2018 में शादी हुई थी। इसके बाद अविनाश के पास एक 4 साल की बेटी तवन्या है। अविनाश की पत्नी 9 माह की गर्भवती है। भाई ने बताया कि अविनाश अपनी पत्नी के पास 10-10 मिनट में कॉल करके हालचाल पूछता था। 8 जनवरी को दोपहर बाद 3 बजे अविनाश उसकी पत्नी को एटीएम कार्ड देकर गया। बोला था कि 5-10 मिनट तक वापस लौट रहा हूं। पर वापिस नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि अविनाश अपने रेस्टोरेंट के काउंटर पर अपना मोबाइल ऐरोप्लेन मोड पर करके छोड़ गया। अविनाश की पत्नी बार-बार कॉल कर रही थी। जब संपर्क नहीं हुआ तो रात साढ़े 8 बजे परिजन रेस्टोरेंट पर पहुंचे लेकिन यहां सिर्फ अविनाश का मोबाइल मिला। मौके से कोई लेटर भी बरामद नहीं हुआ। रात साढ़े 11 बजे तक भी परिजनों को अविनाश का कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो महेश नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस मामले अविनाश को तलाशने में जुटी है।

## जगाधरी के विभिन्न स्थानों से निगम ने पकड़े बेसहारा गोवंश

# निगम ने 21 बेसहारा गोवंशों को गोशाला पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी को बेसहारा गोवंशों से मुक्त बनाने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर सीएसआई सुनील दत्त की टीम ने जोन नंबर एक से 21 बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर गौशाला पहुंचाया। जब तक शहर बेसहारा गोवंशजो से मुक्त नहीं हो जाता है तब तक निगम का यह अभियान जारी रहेगा।

बेसहारा गोवंशजो का पकड़ने के लिए निगम के सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने जोन एक में बेसहारा गोवंशजो को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।



यमुनानगर में बेसहारा घूम रहे गोवंशजो को पकड़कर गौशाला ले जाने के लिए वाहन में भरते हुए निगम की टीम।

### पकड़ने का यह अभियान जारी रहेगा

इस दौरान जगाधरी अनाजमंडी, सब्जी मंडी, स्कूल रोड, जगाधरी-यमुनानगर रोडए व आजाद नगर समेत विभिन्न स्थानों पर घूम रहे 21 बेसहारा गोवंशजो को पकड़कर अपने वाहनों में भरकर उन्हें श्री गौशाला कमेटी मटका चौक जगाधरी, श्री गौशाला सेवा समिति छछरौली व अन्य गौशालाओं में पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर बेसहारा गोवंशजो को पकड़ने का यह अभियान जारी रहेगा। जल्द ही शहर में घूमने वाले सभी बेसहारा गोवंशजो समेत अन्य पशुओं को पकड़ा जाएगा। उन्होंने कोई भी शहरवासियों से गोवंशजों का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें खुले में न छोड़े जाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कोई गोवंशजों को खुले में छोड़ता है तो उस पर 51 सौ रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। सीएसआई सुनीत दत्त ने शहरवासियों से शहरी क्षेत्र में कहीं भी कोई बेसहारा पशु दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर पते या लोकेशन समेत निगम के जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे जाने की अपील की। ताकि बेसहारा घूम रहे गोवंशज को तुरंत पकड़कर गौशाला में पहुंचाया जा सके।

## मुंबई की गर्लफ्रेंड ने किया पहलवान बॉयफ्रेंड का मर्डर पति से साफ कराया फर्श-दीवार पर बिखरा खून

- सिर पर नुकीले हथियार से वार किए गए
- खुद कपड़े बदल करनाल से भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में मुंबई की शादीशुदा गर्लफ्रेंड ने पहलवान बॉयफ्रेंड की घर में हत्या कर दी। उसके सिर पर नुकीले हथियार से वार किए गए। हत्या के वक्त उसका मानसिक दिव्यांग पति भी घर पर ही था। कत्ल के दौरान घर की दीवारों और फर्श पर खून बिखर गया। वारदात के बाद महिला ने घर के सभी दरवाजे लॉक कर दिए।उसने दिव्यांग पति से फर्श और दीवार का खून साफ कराया। फिर अपने खून से सने कपड़े बदलकर पीछे के रास्ते दीवार फांदकर फरार हो गई। पहलवान सोमवार की रात गर्लफ्रेंड के घर आया था। उसकी हत्या मंगलवार दोपहर में की गई, लेकिन इसका पता देर शाम चला। जिसके बाद पुलिस ने उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस जांच के मुताबिक गांव पहलवान कृष्ण के जरीना खान उर्फ रानी से 6 साल से संबंध थे। जरीना खान मुंबई की रहने वाली है। जरीना खान की एक साल पहले ही करनाल के संगोहा गांव के कर्मजीत से शादी हुई थी। शादी के बाद भी कृष्ण और जरीना खान के प्रेम संबंध जारी रहे। कृष्ण 3 बच्चों का बाप था। उसकी एक बेटी और 2 बेटे हैं। जरीना की फिलहाल कोई संतान नहीं थी।

पूर्व सरपंच ऋषिपाल ने बताया कि कृष्ण के जरीना खान से प्रेम संबंध थे लेकिन शादीशुदा और बच्चे होने की वजह से वह उससे शादी नहीं कर सकता था। वह जरीना खान को रानी नाम देकर मुंबई से करनाल ले आया। उसने मानसिक दिव्यांग कर्मजीत की जरीना उर्फ रानी से शादी करा दी। शादी के बाद भी वह अकसर जरीना के घर आता-जाता रहता था। कृष्ण के परिवार के मुताबिक उन्हें जरीना खान का फोन आया। उसने करीब 8 से 10 बार कृष्ण के घर कॉल कर कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। उसे काफी चोट लगी है। उसे लेकर चले जाओ। हालांकि जब परिवार के लोग उसके घर पहुंचे तो दरवाजे तालाबंद थे। वह ताला तोड़कर मेन दरवाजे से अंदर घुसे। अंदर कृष्ण खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसके सिर से खून बह रहा था। 2 कमरों के फर्श और दीवारों पर खून बिखरा हुआ था। उसका दिव्यांग पति फर्श पर बिखरा खून साफ कर रहा था।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों को क्रिकेट व वॉलीबाल किट वितरित

**रादौर।** गांव टोपरा खुर्द में पंचायत की ओर से बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पंचायत के सदस्यों ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए व क्रिकेट व वॉलीबॉल किटें प्रदान की।

सरपंच देवेंद्र सिंह ने कहा कि युवा हमारे गांव की ही नहीं देश की शान भी होते हैं। युवाओं को सही दिशा दिखाने पर वह देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। हमारे क्षेत्र के युवा कुछ समय से नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिसको नशे की ओर से मोड़कर खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़, केस

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ व गाली गलौच किया। प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आठ जनवरी को रात साढ़े नौ बजे वह घर पर काम कर रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही ईश्वर, आजाद, अमन कुमार व विशाल कुमार उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी।

### चोरों ने प्रसिद्ध टाली वाला मंदिर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** चोरों ने बिलासपुर स्थित टाली वाला मंदिर को निशाना बनाकर तीन दानपात्रों से दानराशि व पीतल के घंटे चोरी कर लिए।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर-साढौरा रोड स्थित टाली वाला मंदिर के पुजारी श्याम गिरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर में बने अपने कमरे में जाकर सो गया था। सुबह जब वह सफाई करने के लिए जागा तो उसे मंदिर में बने हनुमान जी के मंदिर का दरवाजा खुला मिला। जब उसने अंदर जाकर देखा तो दानपात्र का ताला टूटा हुआ था और पीतल का घंटा गायब था।

### कांग्रेस झूठ बोलकर सिर्फ लोगों को गुमराह करने वाली पार्टी

# भाजपा ने केंद्र व प्रदेश में दी सुशासन और गरीब कल्याण की सरकार: कंवरपाल

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा ने केंद्र व प्रदेश में सुशासन और गरीब कल्याण की सरकार दी है। उन्होंने उक्त बात राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कही। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन भी किया।



**यमुनानगर।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सेवा,सुशासन व गरीब कल्याण के लिए अनेकों कार्य किए हैं। इससे केवल देश की तस्वीर ही नहीं, बल्कि तकदीर भी बदल गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर सिर्फ लोगों को गुमराह करने वाली पार्टी है। लेकिन भाजपा जो भी दावे करती है उसे पूरा करके दिखाती है। उन्होंने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश हित में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों से देश और प्रदेश की दशा दिशा बदली है। इन फैसलों से जन आकांक्षाओं की पूर्ति हुई है। इसके साथ ही विश्व पटल पर देश की छवि मजबूत हुई है। आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प, उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर देकर धूंआ से मुक्ति दिलाना, शौचालयों का निर्माण करवाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाना और हर घर में नल से जल पहुंचाने जैसे निर्णयों से लोगों का जीवन सरल हुआ है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कल्पना से परे जनहित के काम किए हैं। इनकी दुकान में सामान तो कोई है नहीं, सिर्फ झूठ के बलबूते पर लोगों को भ्रमित करते हैं । जिसका दुष्परिणाम भोली भाली जनता को भुगतना पड़ता है। इस अवसर पर जनसंवाद कार्यक्रम में 34 नए आयुष्मान चिरायु कार्ड बनाए गए। 18 वृद्ध लोगों की नई बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। आठ लाभपात्रों के बीपीएल राशन कार्ड बनाए गए। मौके पर लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बिलासपुर एसडीएम जसपाल सिंह गिल, तहसीलदार छछरौली सुदेश मेहरा,बीडीपीओ सचेत मित्तल, सरपंच छछरौली रीटा देवी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्गए आदि मौजूद रहे।

#### 55 सालों तक कांग्रेस ने गरीब का कोई भला नहीं किया

*स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का झूठा नारा दिया था। 55 सालों तक कांग्रेस ने गरीब का कोई भला नहीं किया। उलटा गरीबों से दूर भागती रही। कांग्रेस शासनकाल में गरीब व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसता था। भाजपा की मोदी और मनोहर सरकार ने अंत्योदय की नीति पर चलते हुए गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। भाजपा शासन में गरीब व्यक्ति को अपने इलाज की चिंता नहीं है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड से गरीब व्यक्ति निशुल्क अपना इलाज करा रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं गरीबों के घर तक पहुंच रही है। यह बदलता हुआ हरियाणा है कि सरकार गरीबों को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जैसे जैसे चुनाव नजदीक आते हैं कांग्रेस के नेता झूठ बोलने के लिए निकल पड़ते हैं।*

# दिन के समय सिंचाई कर सकेंगे अब अन्नदाता

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने नलकूपों की बिजली सप्लाई में सरकार द्वारा परिवर्तन किए जाने का जताया दावा
- यमुनानगर सर्कल में 31 जनवरी तक सुबह 10 बजे से लेकर शाम छह बजे तक नलकूपों पर बिजली सप्लाई रहेगी जारी



**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री द्वारा नलकूपों की बिजली सप्लाई में परिवर्तन किए जाने की जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए अपने खेतों में सिंचाई करने करने के लिए नलकूपों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई में परिवर्तन किया है। अब प्रदेश के किसानों को उनके नलकूपों पर बिजली सप्लाई दिन के समय मिलेगी। जिसमें यमुनानगर सर्कल में 31 जनवरी तक सुबह दस बजे से लेकर शाम छह बजे तक नलकूपों पर बिजली सप्लाई दी जाएगी। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार अन्नदाता की हितैषी है। जिसका उदाहरण मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में बढ़ती ठंड के कारण किसानों द्वारा अपने खेतों में पानी देने में आ रही परेशानी को दूर करने की दिशा में किसान हितैषी फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में परिवर्तन किया है। इस निर्णय से किसानों की कठिनाई कम होगी और वे दिन के समय में अपने खेतों को सिंचित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सरकार के इस निर्णय से किसानों को लाभ मिलेगा। बिजली आपूर्ति का यह शेड्यूल आगामी 31 जनवरी तक जारी रहेगा।

# 19 जनवरी से पहले पूरा करें प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा के मुख्य नगर योजनाकार केके वारसने ने बुधवार को सभी नगर निकायों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों को 19 जनवरी से पहले एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने के कार्य को लेकर समीक्षा बैठक लेंगे। निगम अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने का जो लक्ष्य था, उसे पूरा कर लिया गया है। संयुक्त निगम आयुक्त उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त, सत्यापित व प्रमाणित करने का कार्य प्रगति पर है। उनके पास जो लक्ष्य था। उसे पूरा कर लिया गया है। इस कार्य के लिए वार्ड एक से सात, आठ से 15 व 16 से 22 तक तीन जोन बनाकर हर वार्ड की टीम बनाई गई है। जो प्रत्येक वार्ड की प्रत्येक कॉलोनी में डोर टू डोर अर्थात घर-घर जाकर संपत्ति धारक को उनकी संपत्ति का ब्यौरा दिखाकर उनकी आईडी को सत्यापित करवा रही है। यदि आईडी सही है तो उसे मौके पर ही सत्यापित किया जा रहा है। यदि किसी की आईडी में कोई गलती है तो उसे नगर निगम के तीनों कार्यालयों में बनाए गए सीएफसी काउंटरों पर भेजकर आपत्ति दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रॉपर्टी आईडी प्रमाणित करने का कार्य नगर निगम के तीनों सीएफसी काउंटरों के अलावा वार्ड नंबर 9 के कीर्ति नगर स्थित अंबेडकर भवन, वार्ड नंबर 21 की परशुराम धर्मशाला, वार्ड नंबर 14 के पुराना हमीदा के लाइब्रेरी भवन में बनाए गए नागरिक सुविधा केंद्रों पर भी किया जा रहा है।



यमुनानगर निगम कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लेते निगम अधिकारी व कर्मचारी।

# कांग्रेस ने जन आक्रोश यात्रा अभियान शुरु किया

### कांग्रेस दौलतपुर व पांसरा में आयोजित किया जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम

- जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताई भाजपा-जजपा सरकार के जन विरोधी नीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा का तोड़ ढूंढ़ लिया है। कांग्रेस ने जन आक्रोश यात्रा अभियान शुरु किया है। जिसके तहत गांव-गांव जाकर कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें भाजपा व जजपा की मौजूदा सरकार का जन विरोधी नीतियों को उज्जागर किया जाएगा। उक्त शब्द कांग्रेस विधायक डॉ. बीएल सैनी ने गांव पांसरा व दौलतपुर में जन आक्रोश यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को दी। कांग्रेस के रादौर से विधायक डॉ. बीएल सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक गांव के अंदर जन आक्रोश यात्रा लेकर जाएगी। जो भाजपा व जजपा पार्टी के द्वारा प्रदेश में काले कारनामे किए जा रहे हैं, उनका पर्दा फास करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में सरकारी धन का उपयोग किया जा रहा हैं। लोगों को बहकावे में डाला जा रहा है कि मौके पर पेंशन लगाई जाएगी। फैमिली आईडी ठीक की जाएगी व पीले राशन कार्ड बनाए जाएंगे। मगर अभी तक जनता को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा का कोई भी फायदा नहीं हुआ है। उल्टा सरकारी कर्मचारी, पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम, एसडीओ, जेई आदि यात्रा में शामिल होने के लिए बोला गया है। जिस कारण सरकारी कार्यालयों में कोई भी सरकारी कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता संजू धौलरा, संग्राम सिंह पालेवाला, बरखा राम पांसरा, मुस्तफा पोसवाल, विरेंद्र चौहान नागल, उमेश बुबका, महिपाल शर्मा पालेवाला, राजबीर पालेवाला, विशाल सैनी, मोहम्मद हसन रायपुर, गुरप्रीत उर्फ काला थाना छप्पर व सचिन कांसेपुर आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** गांव पांसरा में आयोजित जन आक्रोश यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बीएल सैनी।

# भीम सिंह राठी ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं



**रादौर।** कस्बे की ओड कॉलोनी में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी भीम सिंह राठी ने की। बैठक में राठी ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि उन्हें कॉलोनी में रहते हुए 30 से 40 वर्ष हो चुके हैं। लेकिन आज तक उनको बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जिस पर भीम सिंह राठी ने सरकार से मांग की कि 30 से 40 वर्ष से मकान बनाकर रह रहे लोगों को कम से कम लागत पर मालिकाना हक प्रदान किया जाए। साथ ही कॉलोनी की बिजली व पानी की समस्या को भी दूर किया जाए। कहा कि पंचायती भूमि में रह रहे लोगों की एक कमेटी बनाकर लोगों की मांगों को पूरा करवाने व समस्याओं को दूर करवाया जायेगा।

# नशे के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

- कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने धार्मिक संस्थाओं के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रदेश में नशें के खिलाफ अलख जगाने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो घर-घर जाकर नशे के खिलाफ जन जागरुकता अभियान चलाएगी। कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने आज जिले में धार्मिक संस्थाओं व रामलीला कमेटियों से साथ बैठक की। जिसमें जन जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई गई।

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक जगबीर ने समाज में बढ़ रहे नशे को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है। कम उम्र में ही युवा नशा करने लगते हैं। पैसों की कमी के कारण वह अपराध की क्षेणी में कदम रख लेते हैं। जिससे उनका भविष्य अंधकारमय बन जाता है। उन्होंने बताया कि समाज में फैले नशे के खिलाफ अब कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हर शहर, ग्राम स्तर, वार्ड स्तर व स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व जिला पुलिस के संयोजन में शोभा यात्रा, नमक लोट्टा अभियान व रामगुरूकुल गमन नाटिका के माध्यम से लोगों को नशा न करने के बाद जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में प्रदेश के विभिन्न विभागों लोक संपर्क विभाग, खंड विकास, चिकित्सा, शिक्षा विभाग की भी मदद ली जाएगी। बैठक में रामलीला कमेटियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नशा विरूद्ध बैनर, स्लोगन, शोभा यात्रा, लघु नाटिका व लोट्टा नमक अभियान का प्रारूप तैयार किया गया। इस अवसर पर यमुनानगर जिला की विभिन्न रामलीला कमेटियों के राजीव त्यागी,राजु सपरा, गोपाल मित्तल, अनिल व रोहित आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** धार्मिक संस्थाओं के साथ बैठक करते उप पुलिस अधीक्षक।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर सेमिनार का आयोजन

**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर सेमिनार को आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन एनएसएस यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राखी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कॉलेज प्राचार्य डॉ. पीके वाजपेई मौजूद हुए।

डॉ. वाजपेई ने बताया कि यदि युवा भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में हिस्सा ले तो उन्हें रोजगार के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. राखी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी भारत सरकार के माई भारत पोर्टल पर स्वयं को रजिस्टर कराकर भारत में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं व इंटर्नशिप कार्यक्रमों के बारे में जानकारी जुटाकर हिस्सा ले सकते हैं। जिससे युवा अपने आप को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के दौरान आने वाली समस्याओं का निदान भी किया गया।



- युवा अपने आप को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर सकते

सेमिनार को संबोधित करती कार्यक्रम अधिकारी।

# नौकरी लगवाने के नाम पर मामा भांजा से ठगे चार लाख 42 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने चार आरोपी लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

नौकरी लगवाने के नाम पर चार लोगों ने मामा भांजे से चार लाख 42 हजार रुपये ऐंठ लिए। पैसे हड़पने का आरोप खजूरी निवासी संदीप, उसकी पत्नी परमजीत कौर, बेटे विशाल और गोलनपुर निवासी ममता पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के पटेल नगर निवासी विकास ने बताया कि गोलनपुर निवासी ममता उसकी बहन की सहेली थी। आरोपी ममता ने उसकी बहन किरण से बातचीत की कि उसके मामा का लड़का खजूरी निवासी संदीप विदेश भेजने व नौकरी लगवाने का काम करता है। यदि किसी को विदेश जाना या नौकरी लगना है तो बताना। उसकी बहन ममता की बातों में आ गई। आरोपी ममता ने उसकी बहन किरण को अपने मामा के लड़के संदीप से मिलवाया। जिसके बाद उसकी बहन ने उसे संदीप से मिलवाया। आरोपी ने उसे कंप्यूटर ऑपरेटर या होमगार्ड के रूप में पक्की सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपी ने उसे कहा कि यह भर्ती ऑनलाइन होगी। इसकी कोई विज्ञापन नहीं आएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। नौकरी दिलवाने के नाम पर आरोपी ने पहले एक लाख रुपये और कुछ रुपये नौकरी लगने के बाद देने को कहें। आरोपी की बातों में आकर उसने अपने मामा थाना छप्पर निवासी सतीश कुमार से बातचीत की। उसका मामा सतीश भी आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी संदीप ने उनकी मुलाकात अपनी पत्नी परमजीत कौर, बेटे विशाल और ममता से करवाई। इसके बाद अलग अलग कर आरोपियों ने उससे तीन लाख 9200 रुपये और उसके मामा सतीश से एक लाख साढ़े 33 हजार रुपये ले लिए। लेकिन आरोपियों ने उनकी नौकरी नहीं लगवाई। नौकरी नहीं लगने पर जब उन्होंने उनसे अपने रुपये वापस मांगे तो उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

### जीटी रोड पर लेन चेंज करने पर दर्ज होगा केस

**अंबाला।** जीटी रोड पर लेन ड्राइविंग (लेन चेंज) के नियमों का उल्लंघन करने वालों ड्राइवरों के खिलाफ अब केस दर्ज किया जाएगा। बुधवार को पड़ाव पुलिस ने ऐसा पहला केस दर्ज किया है। इस पर अभी तक पुलिस 500 रुपए का चालान कर रही थी। बार बार चेतावनी के बावजूद ड्राइवर नियमों की पालना में लापरवाही बरत रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने की शुरुआत कर दी है। एसपी जशनदीप सिंह रंधावा के मुताबिक, पुलिस द्वारा समय-समय पर ट्रक चालकों, यूनियन के पदाधिकारियों व ट्रांसपोर्टर के साथ लेन चेंज के संबंध में कई बार मीटिंग की जा चुकी है, लेकिन फिर भी ड्राइवर लेन ड्राइविंग (बाई लेन) के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ बीते 602 दिनों में 29,651 चालान किए गए हैं। राज्य सरकार के मुताबिक प्रदेश में सालाना लगभग 10 हजार सड़क हादसे होते हैं।

### विशेष सत्र आयोजित करने के लिए जल्द होंगी तारीखों की घोषणा

# जिला परिषद आयोजित करेगी विधानसभा की तर्ज पर दो दिवसीय विशेष सत्र

- सत्र में जिला परिषद सदस्य विधानसभा की तर्ज पर अपने वार्डो के मुद्दों पर विस्तार से कर सकेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला परिषद यमुनानगर जल्द ही विधानसभा की तर्ज पर दो दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन करेगी। दो दिवसीय विशेष सत्र के लिए जल्द ही तारीखों की घोषणा की जाएगी। सत्र में जिला परिषद सदस्य अपने-अपने वार्डों के मद्दों पर विस्तार से चर्चा कर सकेंगे। जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने के मुताबिक सत्र में विधायक की तरह सभी जिला परिषद सदस्य अपने वार्ड की समस्याओं को उठा सकेंगे और उनके वार्ड में जो काम चल रहे हैं या फिर किन कारणों से लटके हुए हैं इसका मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। विधानसभा की तर्ज पर जब सत्र लगेगा तो पार्षदों को अपनी समस्याएं उठाने का ज्यादा समय मिलेगा। इससे वाडोंर् के असल मुद्दे सामने आएंगे। अधिकारियों से भी जवाब मांगा जाएगा। हालांकि उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य अपने वार्ड की समस्याओं को जिला परिषद की होने वाली मासिक बैठक में समय-समय पर उठाते रहते हैं। लेकिन कई बार बैठक में कोई न कोई अधिकारी अनुपस्थित रह जाता है। जिस कारण पार्षदों को अपने वार्ड से संबंधित पूरी जानकारी नहीं मिल पाती। इसलिए अब जिप का दो दिन का विशेष सत्र लगाने की तैयारी की जा रही है।



जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका।

- पार्षदों को समस्याएं उठाने का ज्यादा समय मिलेगा

#### ग्रामीण इलाकों मे अधिक विकास करवाना है मुख्य उद्देश्य

*जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका ने बताया कि जिला परिषद द्वारा आयोजित करवाए जाने वाले दो दिवसीय सत्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करवाना है और वार्ड की समस्याओं पर चर्चा करना है। ताकि आने वाले दिनों में उसी हिसाब से योजनाएं बनाकर काम कराए जा सकें। जल्द ही दो दिन के लिए चलने वाले इस सत्र की तारीख तय कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हाउस की बैठक में परिषद सदस्य चुनिंदा एजेंडों पर ही चर्चा कर पाते हैं।*

## खबर संक्षेप

### डीएलएसए के शिविरों से मिल रही जागरूकता

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत और जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 जनवरी से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरूकता शिविरों का आयोजन 31 जनवरी तक लगातार किया जाएगा। इन शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### ट्रक ड्राइवर एक बार फिर सड़कों पर, की नारेबाजी

**कुरुक्षेत्र।** नए मोटर व्हीकल एक्ट के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों और यूनियनों का आक्रोश एक बार फिर समाने आ रहा है। पिपली ट्रक यूनियन नें चक्का जाम का ऐलान किया है। ड्राइवर इस बार ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के खिलाफ भी मोर्चा खोल रहे हैं। ट्रक चालकों का कहना है कि कुरुक्षेत्र में जो भी ट्रक चालक गाड़ी चलाएगा उसका मुंह काला किया जाएगा। ट्रक चालकों नें सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।



### जरुरमंद लोगों को वितरित किए गर्म कंबल

**कुरुक्षेत्र।** रेडक्रास सोसायटी कुरुक्षेत्र के सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि रैडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी द्वारा जरुरतमंदों को ठंड के मौसम में गर्म वस्त्रों का वितरिण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रैडक्रास सोसायटी द्वारा गत रात्रि में बीआर चौक के समीप झुग्गी-झौंपड़ियों, न्यू अनाज मंडी, सब्जी मंडी में रह रहे जरूरतमंद परिवारों/लोगों को 40 गर्म कंबल और 40 हाइजेनिक किट प्रदान की।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के दिन धर्मनगरी सजेगी

**कुरुक्षेत्र।** धर्मानगरी कुरुक्षेत्र में चल रहा अक्षत वितरण अभियान लगभग समाप्ति की ओर है। वही विश्व हिंदू परिषद, संघ व अन्य हिंदू संगठन 22 जनवरी को महा-राम दीपावली मनाने, घर-घर दिए जलाने, हर मंदिर को अयोध्या बनाने, हर घर को मंदिर बनाने की,भंडारे,धार्मिक कार्यक्रम करने, प्रसाद वितरण,मिठाईया बाटने व आतिशबाजी तैयारी में जुट चुके हैं।

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**थानेसर।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.) खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्रीखाटू श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्रीश्याम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक राजीव कुमार परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ने गांव जलबेड़ा व कैंथला में किया प्रवेश

# जनसंवाद कर पात्रों को मौके पर दिया सरकारी योजनाओं का लाभ

**विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा प्रदेश भर में लोगों को एक ही छत के नीचे उनकी समस्याओं का समाधान कर रही : संदीप सिंह**



हरिभूमि न्यूज ▸▸। पिहोवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद ने बुधवार को इस्माईलाबाद के गांव जलबेड़ा व कैंथला में प्रवेश किया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा ग्रामीणों को सम्बोधित किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाई। राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। हरियाणा सरकार प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए लगातार मुहीम चलाए हुए है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा प्रदेश भर में लोगों को एक ही छत के नीचे उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद ऐलईडी वैन के माध्यम से गाँववसियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्डेड भाषण दिखाया और सुनाया गया। एलईडी वैन सभी गांवों में केंद्र और राज्य सरकार के अब तक के कार्यकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचा रही है। इन कार्यक्रमों में सूचना, जन सम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां भी सभी लोगों को प्रचार सामग्री के रूप में वितरित की गई। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर सभी लोग 22 जनवरी को अपने घर पर 11 दीए जरूर जलाएं जैसे कि दीवाली पर हम लोग दीप जलाते है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अयोध्या जाना चाहे उसके लिए हरियाणा की मनोहर सरकार ने उनके जाने के लिए उचित व्यवस्था कर रखी है। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई और गांव के स्कूली बच्चों को उत्कृष्टद्द कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गांव कैंथला की सरपंच कमलदीप कौर, गांव जलबेड़ा की सरपंच रीना देवी, प्रतिनिधि राजेश शर्मा, धर्मवीर, बृज मोहन शर्मा, अमित राणा, विकास राणा, जसबीर सैनी, महेंद्र राणा, सुशील कुमार, राजेश पंच, दीपचंद शर्मा, बलदेव शर्मा, प्रधान पन्ना लाल, बीडीपीओ अंकित कुमार, लोटनी के सरपंच कुलबीर सिंह, गांव नैसी के सरपंच कंवलजीत सिंह, डेरा सूरजगढ़ के सरपंच संदीप कुमार, अनुज कुमार, सुखविंद्र सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी बनेंगी आत्मनिर्भर : डा. पवन सैनी

**लाडवा।** पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि आज के समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। महिलाओं के कल्याण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई हैं जिनकी मदद से महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनी हैं। केंद्र की योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अपने आर्थिक जीवन में सुधार कर रही हैं और अपने परिवार के पालन पोषण में बराबर की भागीदार बनी हैं। पूर्व विधायक डा. पवन सैनी बुधवार को लाडवा उपमंडल के गांव खेड़ी गादियान, धनौरा जाटान, रामगढ़ व लाठी धनौरा में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव में हर शिकायत का पूर्ण समाधान करवाया जा रहा हैं। इसलिए ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर आए इस कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य हैं और यदि बच्चों की परवरिश सही प्रकार से होगी तो देश भी मजबूत होगा। इस मौके पर सरपंच बलविंद्र कुमार, सरंपच सुभाष चंद्र, सचिव अजय कुमार, सचिव प्रदीप पांचाल, ब्लाक समिति चेयरमैन पूजा देवी, कुलदीप सिंह, रामकुमार, नाथी राम आदि मौजूद थे।

## जागरूकता से होगा हरियाणा टीबी मुक्त



झुग्गी-बस्तियों में श्रमिकों को टीबी के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

- राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने का लक्ष्य रखा है
- आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन शांतनु शर्मा के निदेर्शानुसार रेडक्रास की ओर से झुग्गी-बस्तियों में श्रमिकों को टीबी के प्रति जागरूक किया। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में श्रमिकों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही टीबी हारेगा-देश जीतेगा संदेश को भी आमजन तक पहुंचाया। जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जागरूकता और साझे प्रयास से ही हरियाणा को टीबी मुक्त होगा। रेडक्रास की ओर से टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए नियमित रूप से श्रमिकों, स्लम बस्तियों और गांवों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रेडक्रास व स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्क्रीनिंग कैंप भी लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि रेडक्रास की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। टीबी उन्मूलन अभियान में सामाजिक संस्थाएं और ग्राम पंचायतें सहयोग कर रही हैं। रेडक्रास वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं। सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर वालंटियर राहुल व जोगेंद्र रहे।

## विधायक ने 10 गोशालाओं को वितरित किए चैक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि गौशालाओं में गौवंश के रखरखाव और सुविधाओं के लिए राज्य सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इन गौशालाओं में जरुरत के हिसाब से समय-समय पर ग्रांट भी वितरित की जाएगी। इस सरकार ने गौशालाओं के बजट को 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए किया है। इसके लिए गौशाला संचालक सदैव मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आभारी रहेंगे। विधायक सुभाष सुधा बुधवार को देर सायं श्री बजरंग बली गौशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने गांव बगथला स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला को 94 हजार 500 रुपए, गांव बजीदपुर की श्री गौवंश चिकित्सालय गौशाला को 1 लाख 39 हजार 700 रुपए, बारना की कान्हा गौशाला का 2 लाख 64 हजार 750 रुपए, गांव रावगढ़ की श्री सिद्घ साई नाथ गौशाला को 3 लाख 86 हजार 250 रुपए, बाहरी की महादेव सेवा समिति की गौशाला 1 लाख 78 हजार 500 रुपए, नजदीक स्थानेश्वर मंदिर जय बजरंग बली गौशाला को 3 लाख 16 हजार 500 रुपए, सनातन धर्म गौशाला को 83 हजार 250 रुपए, श्री श्याम गौशाला अमीन को 6 लाख 1 हजार 500 रुपए दिए गए।

### डॉ तुलसी सरदाना बने मेडिकल एसो. कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** डॉ तुलसी सरदाना को नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) कुरुक्षेत्र का वर्ष 2024 के लिए अध्यक्ष चुना गया है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संस्था नीमा की मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें कई विशेष मुद्दों पर चर्चा हुई। मीटिंग में वर्ष 2024 के लिए नई कार्यकारिणी बनाने का फैसला लिया गया। जिसके तहत सर्वसम्मति से डॉ तुलसी सरदाना का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव रखा गया जिसे सभी ने करतल ध्वनि से स्वीकार कर लिया।

## 12 को स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनेगा युवा महोत्सव

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸। !!!

(4)

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 12 जनवरी को थीम पार्क में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए है। विधायक सुभाष सुधा बुधवार को थीम पार्क में 12 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, एडीसी अखिल पिलानी, मुख्यमंत्री के ओएसडी हितेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, डीएसपी सुभाष चंद्र ने थीम पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को पीने के पानी, शौचालय, टेंट, मंच की साज सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, एलईडी, साउंड सिस्टम सहित अन्य प्रबंध करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के आदेश भी दिए है। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी को थीम पार्क में किया जा रहा है। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के हर जिले से लोग शिरकत करेंगे। इसके लिए बसों की व्यवस्था की जाएगी और कुरुक्षेत्र के साथ-साथ प्रत्येक जिले में कार्यकताअरं की डयूटियां लगा दी गई है। भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि इस राज्यस्तरीय युवा महोत्सव को लेकर कार्यकताअरं की ड्यूटियां लगा दी गई है और सभी कार्यकर्ता मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करेंगे महोत्सव को सफल और यादगार बनाएंगे। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पार्चा, उपाध्यक्ष सुशील राणा, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। थीम पार्क में महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते विधायक सुभाष सुधा।

## बास्केटबॉल में हरियाणा व ओडिशा का विजय अभियान जारी

- हरियाणा की टीम ने पश्चिम बंगाल को व ओडिसा की टीम ने तमिलनाडू को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने पश्चिम बंगाल को 77-56 अंकों व ओडिसा की टीम ने तमिलनाडू को 76-62 के अंतर से पराजित कर के अपना विजय अभियान को जारी रखा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा व ओडिसा की टीम ने लगातार 4-4 मैच जीत लिए है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। डाक विभाग के सहायक निदेशक (तकनीकी) देवराज ने कहा कि हरियाणा डाक परिमंडल द्वारा आयोजित 34वें अखिल भारतीय डाक बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बहु उदेश्यीय हाल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन डाक परिमंडलों की 6 टीमों के 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन हरियाणा की टीम ने पश्चिम बंगाल को 77-56, गुजरात ने पंजाब को 56-48, ओड़ीसा ने तमिलनाडू को 76-62 स्कोर के अंतर से पराजित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की टीम ने तमिलनाडू को 57-36, गुजरात ने ओडिसा को 85-77 और पश्चिम बंगाल की टीम ने पंजाब को 75-54 स्कोर से पराजित किया। उन्होंने कहा कि अब तक खेले गए मैचों में ओड़ीसा व हरियाणा की टीम ने 4-4 मैच जीते है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और गुजरात की टीम ने अपने 2-2 मैच जीत लिया है, जबकि पंजाब और तमिलनाडु की टीम अभी तक कोई भी मैच नहीं जीत पाई है। इस प्रतियोगिता में कुल 17 मैच खेले जाएंगे और पहली 2 टीमों के बीच फाइनल मुकाबला 17 जनवरी को खेला जाएगा।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

## जरूरतमंद कन्या की शादी में की मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸। लाडवा

शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था की तरफ से एक जरूरतमंद कन्या की शादी में सहयोग किया गया। क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो सत्र से क्लब द्वारा जरूरतमंद कन्यायों की शादियां कराने का प्रोजेक्ट परिणय प्रारम्भ किया गया था जिसके अंतर्गत क्लब के सदस्यों के सहयोग से पहले बारह लड़कियों की शादी कराई जा चुकी है और आज एक और जरूरतमंद कन्या की शादी में सहयोग करके अब तक कुल 13 शादियां कराई जा चुकी हैं। उनके अनुसार क्लब सदस्यों के सहयोग से कन्या की शादी में गृहस्थी बसाने के लिए बेड, गद्दे, अलमारी जैसा अत्यंत आवश्यक व अन्य जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अवतार सिंह सेखों व को-चेयरमैन दीपक बंसल ने इस प्रोजेक्ट के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा की तरफ से इन बेटियों के घर बसाये जाने में हमें माध्यम बनाया गया जिसके लिए हम गौरवान्वित तो महसूस कर ही रहे हैं साथ ही परमात्मा का भी धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमें किसी के चेहरे पर खुशी लाने के लिए माध्यम बनने का सुअवसर प्रदान किया।



**लाडवा।** जरूरत का सामान उपहार स्वरूप देते क्लब के सदस्य।



### प्राचीन धरोहर को किया जा रहा है विकसित: धुमन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से सरस्वती नदी के किनारे प्राचीन धरोहर व साइट को धीरे-धीरे विकसित किया जा रहा है। इस नदी के किनारे बने शिवधामों के घाटों को भव्य और सुंदर बनाया जा रहा है। इसके अलावा नदी के किनारे सरोवरों को भी विकसित किया जा रहा है। इससे भूजल स्तर में सुधार भी हो रहा है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच बुधवार को बाबैन ब्लॉक के गांव रामपुरा में बोर्ड व पंचायत के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने बोर्ड की तरफ से गांव रामपुरा में करीब 12 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सरस्वती घाट का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच और विजन को हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री की योजना के अनुसार सरस्वती नदी को फिर से धरातल पर प्रवाहित करना है। इसके लिए सरकार की तरफ से कई बड़ी योजनाओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही सरस्वती नदी जिस-जिस जगह से होकर गुजरी, उन-उन जगहों पर कुछ प्राचीन धरोहर और साइटस भी चिन्हित की गई है।

### जीवन में संत महात्माओं के विचार अमूल्य: संदीप

**लाडवा।** लाडवा-मुस्तफाबाद रोड़ पर स्थित श्री गुरू रविदास आश्रम में आश्रम के संचालक महात्मा गुरपाल दास जी का जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की व महात्मा गुरपाल दास को जन्मदिन की बधाई दी। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि महात्मा गुरपाल दास जी की अगुवाई में हर महीने आश्रम में सत्संग व विशाल भंडारे का आयोजन होता है, इनकी अगुवाई में आश्रम बुलंदियों को छू रहा है और दूर-दूर से संगत आश्रम में आती है। उन्होंने कहा कि संतो व महात्माओं के तो सभी को विचार सुनने चाहिए और विचारों को सुनकर अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए।

## ठाकुरदास ललित चैरिटेबल ट्रस्ट व फिनिक्स क्लब ने लगाया कैंप

# नि:शुल्क कैंप में 50 से अधिक कैंसर रोगियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में कैंसर रोगियों के लिए सेक्टर 13 मार्किट में स्थित आदर्श क्लीनिक में डॉक्टर ठाकुरदास ललित चैरिटेबल ट्रस्ट व फिनिक्स क्लब कुरुक्षेत्र के सौजन्य से निःशुल्क कैंसर निदान व जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में रोगियों की जांच करने पहुंचे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली से कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज अरोड़ा, डॉक्टर सुनंदन शर्मा, डॉक्टर गौतम गोयल व डॉक्टर कनिका शर्मा का कुरुक्षेत्र की विधायक सुभाष सुधा, नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा, ठाकुर दास ललित चैरिटेबल ट्रस्ट एवं आदर्श क्लीनिक के संचालक डॉक्टर डीके ललित, आईएमए के पदाधिकारियों डॉक्टर एसी नागपाल, डॉक्टर गांधी, डॉक्टर भोला, डॉक्टर झांब व अन्य सदस्यों के साथ साथ फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी, सचिव दीपक चिब, कोषाध्यक्ष डॉक्टर नीरज झांभ और सभी सदस्यों ने स्वागत किया। विधायक सुभाष सुधा ने सभी डॉक्टरों और उक्त दोनों संस्थाओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में ये एक नेक मुहिम है। कैंप में डॉक्टरों द्वारा 50 से अधिक कैंसर रोगियों की जांच की गई और उनका मार्गदर्शन किया गया। इस कैंप को लेकर दशकों से कुरुक्षेत्र के विख्यात चिकित्सक एवं आदर्श क्लीनिक के संचालक डॉक्टर डीके ललित, फिनिक्स क्लब के प्रधान धीरज गुलाटी और समाजसेवी सुरिंदर ढींगरा ने बताया कि ऐसे कैंप हर सप्ताह लगाए जायेंगे।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुकंद लाल सुधा, साहिल सुधा, आदर्श ललित, अमन गर्ग, अरुण गुप्ता, राजेश पोपली, विजेश एलावादी, अमित अरोड़ा, गुरसेवक सिंह, सुनील कालड़ा, दिनेश छाबड़ा, कीर्ति खोसला, रवि नंदन आहूजा, अनिल सिंगला, देवेन भाटिया, मनोज परुथी, सतपाल खुराना, अश्वनी अरोड़ा, डॉ. राजेश वधवा, जेपी केसरी, अंकित सिंघल, आशिमा गुलाटी, डॉक्टर भूमिका झांब, शशि एलावादी, शीतू गुप्ता, आशी जसूजा, निधि कक्कड़, ज्योति आहूजा, नीतू कक्कड़, ऐना मदान, सोनिका वधवा, अंजना सिंगला, विजय बजाज, आनंद बजाज, विनोद रावल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बैंक की जमीन पर कब्जा करने वाला काबू

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज बैंक की जमीन पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सक्खी चंद्र को गिरफ्तार किया है। एक्सिज बैंक के अधिकारी ने 21 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 नवंबर 2023 को आरोपी सक्खी चन्द व अन्य ने हरि मंदिर के पास बैंक की जमीन पर कब्जा करने का कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 60 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी कृष्ण को (60 बोतल ) अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोनी शराब की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी कृष्ण को काबू कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने 60 बोतल शराब जब्त की थी।

### स्नेचिंग के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ काका, सुरेश कैशी उर्फ सूरज, आंचल को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलविंद्र को 1 दिन के रिमांड पर लिया है। गांव खेड़ी के विजय सिंह 7 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बलदेव नगर फ्लाई ओवर के पास से 4/5 लडकों ने उससे पर्स, नकदी व मोबाइल फोन छीन लिया है।

### डीएमसी ने लिया विकास परियोजनाओं का जायजा

**नरवाना।** नगर परिषद के अधीन शहर में चल रहे विकास निर्माण कायारें तथा पाकारें का डीएमसी सुरेंद्र बेनीवाल तथा तथा नगर परिषद के एक्सईएन सतीश गर्ग ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति पर ओर तेजी लाने की दिशा निर्देश दिए ताकि लोगो को कम परेशानी हो ओर कार्य भी जल्दी पूरा हो। डीएमसी सुरेद्र बेनिवाल तथा नगर परिषद के एक्सईन सतीश गर्ग बुधवार दोपहर बाद डीआरडीए के सामने हुडडा कंम्पलेक्स,एलआईसी के निकट हुडा कांप्लेक्स व अन्य स्थानों पर सडक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

## गृह मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना

# पड़ाव थाना एसएचओ को लगाई फटकार अनिल विज बोले, गुंडागर्दी करने नहीं दूंगा

मामले को लेकर खफा हुए मंत्री ने पड़ाव एसएचओ को फोन पर फटकार लगाते हुए मामले में तत्पर कार्रवाई के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। गृहमंत्री अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

मच्छौंडा गांव में जमीनी कब्जे के मामले में गृहमंत्री अनिल विज ने पड़ाव थाने के एसएचओ को फटकार लगाई है। उन्होंने एसएचओ को कहा कि वे किसी को गुंडागर्दी करने नहीं देंगे। उन्होंने एसएचओ को जमीन तुरंत कब्जामुक्त करवाने के आदेश भी दिए।

मच्छौंडा में जमीन पर कब्जे को लेकर एक परिवार ने विज से शिकायत की थी। उनका आरोप था कि गुंडा प्रवृत्ति के लोगों द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर अपना हक जताया जा रहा है जबकि सभी कागजात उनके पक्ष में हैं। मामले को लेकर खफा हुए मंत्री ने पड़ाव एसएचओ को फोन पर फटकार लगाते हुए मामले में तत्पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

बल्लभगढ़ से आए दंपत्ति से विज को बेटी के साथ दुराचार मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी।

इस पर फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को मामले में दोबारा जांच के निर्देश दिए। भिवानी के रोहनात गांव से आई महिला ने अपनी मासियों पर उनकी मां की खेती की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। महिला ने कहा कि गत दिनों वह जबरन उनके खेतों से फसल भी आरोपियों द्वारा काट ली गई। इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई थी, मगर अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

मंत्री ने एसपी भिवानी को मामले में जांच के निर्देश दिए। पलवल से आए फरियादी ने बेटे की हत्या मामले में सही जांच नहीं होने का आरोप लगाया। इस पर डीएसपी रैंक के अधिकारी से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। नारायणगढ़ से आए दंपत्ति ने बताया कि गांव की महिला द्वारा उनके खिलाफ झूठा मारपीट का केस दर्ज कराया गया है। महिला उनके अलावा ग्रामवासियों को भी तंग करती है।

एसपी अंबाला को मामले में जांच के निर्देश दिए।साहा से महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया जिस पर डीएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### महिला ने धोखाधड़ी का लगाया आरोप

कुरुक्षेत्र की महिला फरियादी ने 15 लाख रुपए के लोन के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप लगाया। महिला ने बताया कि लोन दिलाने का झांसा देकर व्यक्ति ने उनसे हस्ताक्षर करवाए और अब 15 लाख का लोन उनके नाम पर है जबकि यह राशि उन्हें नहीं मिली। एसपी कुरुक्षेत्र को जांच के निर्देश दिए गए। विज से मलेरिया विभाग में काम करने वाले स्टाफ ने उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की मांग की । गृहमंत्री ने मंजूरी देते हुए स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विज को राजेंद्र गोयल द्वारा भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया गया। चित्र मुंबई के चित्रकार द्वारा 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बनाया गया था।



बराड़ा। रैली निकाल ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वंयसेविकाएं।

# एनएसएस शिविर के पहले दिन छात्राओं ने योग किया

- गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिन की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ इंदु विज ने एनएसएस कैंप के महत्व को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है।

- तंदवाली में ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए रैली भी निकाली

इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। आत्म निर्भर भारत थीम को लेकर एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया है जिसका उद्देश्य है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मुख्य बल स्थानीय मांग और आपूर्ति पर दिया गया है। इसके अंतर्गत छोटे-मंझोले उद्यमियों और रेहड़ी वालों, फेरी वालों जैसे असंगठित क्षेत्र के व्यवसायियों को आर्थिक संबल देने का प्रावधान किया जा रहा है।

विदेशी वस्तुओं का कम इस्तेमाल करें। डॉ दलजीत कौर ने छात्राओं कों नैतिक शिक्षा के महत्व कों बताते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा से मनुष्य के अंदर नव-चेतना का संचार हो सकता है। इसी के साथ उन्होंने बताया कैंप के प्रथम दिन स्वयंसेविकाओं ने योग किया,पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

डॉ. रितु चांदना ने स्वयंसेविकाओं को कैरियर काउंसलिंग के महत्व को बताते हुए कहा कि एक करियर काउंसलर का उद्देश्य छात्रों को सभी संभावित करियर विकल्प प्रदान करना है। गांव तंदवाली गांव में रैली के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए लोगों कों जागरूक किया।

# रैन बसेरों का एडीसी ने किया औचक निरीक्षण

- जरुरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे गए, सर्दी से बचाव के लिए हर सुविधा उपलब्ध करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




अंबाला। जरुरतमंद लोगों को कंबल बांटती एडीस अपराजिता।

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कड़ाके की सर्दी में अग्रसेन चौक स्थित नागरिक सदन रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। एडीसी ने नागरिक सदन अंबाला शहर में बनाए गये रैन बसेरे का जायजा लेते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव व सदन के पदाधिकारियों से पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान नागरिक सदन के पदाधिकारियों को आग्रह किया कि जो भी जरूरतमंद व्यक्ति सर्दी के मौसम में यदि कहीं बाहर मिलता है तो उसे रैन बसेरे में पहुंचाने का कार्य करें। रेडक्रॉस, नगर निगम व नगर परिषद की टीम द्वारा ऐसे लोगों को यहां पर लाने का कार्य भी किया जा रहा है। वे भी इस कार्य में सहयोग करें ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सर्दी के इस मौसम में बाहर न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र भी उपलब्ध करवाने का कार्य किया जा रहा है। दानी सज्जन या कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से यहां पर गर्म वस्त्र उपलब्ध करवा सकता है।

# अधोया में पंचायती जमीन से पेड़ काटने के मामले ने तूल पकड़ा

- महिला सरपंच के समर्थन में उतरे अन्य गांवों के सरपंच, कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। एसडीएम ऑफिस में खड़े हुए सरपंच।

गांव अधोया (मुसलमान) में पंचायती जमीन से पेड़ काटने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को भारी संख्या में खंड के कई गांवों के सरपंच अधोया एम गांव की महिला सरपंच के पक्ष में उतर आए। इस दौरान सभी सरपंच एसडीएम ऑफिस, बीडीपीओ और डीएसपी से मिलने पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सरपंच वीना रानी ने बताया कि बीते दिनों वह मामले को लेकर गृहमंत्री अनिल विज से भी मिले थे। इस पर गृहमंत्री ने मामले की जांच के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। तब एसडीएम ने बीडीपीओ, एसडीओ पंचायती राज और तहसीलदार की एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को दोनों पक्षों को बुलाकर तहसीलदार ने दोनों पक्षों की बात को सुनकर ब्यान कलमबद्ध किए। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप सिंह, सरपंच रामकरण काला, सरपंच अशोक कुमार, सरपंच रोशन लाल, सरपंच रूलदा राम, शेर सिंह राणा, रोहताश राणा, दलीप अधोया, रवि कुमार सीवनमाजरा, अशोक कुमार सज्जनमाजारी समेत अन्य गांवों के सरपंच व मौजिज लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में महिला सरपंच को न्याय दिलाने की मांग की। बता दें कि गांव अधोया एम की सरपंच वीना रानी ने बताया कि फारेस्ट गार्ड फूल सिंह ने 22 दिसंबर को पंच घनश्याम के पास फोन किया कि गांव की पंचायती जमीन से सफेदे के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। इस पर सरपंच पति वहां पहुंचे तो गांव के जसबीर सिंह ने उनसे दुर्व्यवहार किया। इसके बाद वह बीडीपीओ ऑफिस और एसएचओ के पास गए। वहां पर भी जसबीर सिंह ने उनसे बदतमीजी की। इसके बाद वह एसडीएम से मिले तो उन्होने निशानदेही के आदेश दिए। निशानदेही के दौरान भी जसबीर सिंह ने सरपंच पति कैलाश कुमार और उनके बेटे आशीष पर हमला कर दिया। तब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## नागरिक अस्पताल में लापरवाही का बडा मामला आया

# जुगाडू वाहन में मां ने बच्चे को जन्म दिया

- नागरिक अस्पताल में पत्नी को वार्ड में शिफ्ट करवाने की गुहार लगाता रहा युवक, किसी ने नहीं सुनी, स्वास्थ्य मंत्री ने घटना पर जांच के आदेश दिए, पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नागरिक अस्पताल में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। कड़कड़ाती सर्दी में एक महिला ने नागरिक अस्पताल के बाहर ही एक बच्चे को जन्म दे दिया। पति अस्पताल स्टाफ से पत्नी की तबीयत खराब होने की गुहार लगाता रहा। किसी ने भी उसकी गुहार नहीं सुनी। मामला सामने आते ही स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उधर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने इस घटना को लेकर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार को घेरा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट से भी उन्होंने मामले का वीडियो शेयर किया है।

दरअसल पड़ोसी राज्य पंजाब के दप्पर कस्बे का रहने वाला एक युवक शालू अपनी गर्भवती पत्नी सुमन को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा था। एक जगाडू वाहन के जरिए शालू पत्नी को लेकर आया था। बीच रास्ते में ही उसकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई। शालू किसी तरह उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उसने स्टाफ से अपनी पत्नी को चेक करवाने व डिलीवरी के लिए वार्ड में शिफ्ट करने गुहार लगाई। किसी ने उसकी गुहार पर गौर नहीं किया। काफी देर तक उसकी पत्नी दर्द के मारे अस्पताल के बाहर ही तड़फती रही। बाद में उसने जुगाड़ू वाहन में ही बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद ही चिकित्सक हरकत में आए। शालू का कहना है कि वह डॉक्टर और अस्पताल स्टाफ को भगवान मानता था लेकिन रात की हरकत के बाद उसका भरोसा उठ गया। उसकी पत्नी व नवजात को केवल भगवान ने ही बचाया। युवक ने लापरवाह स्टाफ कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# रिहायशी भवन से 52 हजार की नकदी के साथ कीमती गहने चोरी कर ले गए चोर

- कैंट के कुंज बिहार निवासी हन्नी कुमार ने बताया कि वह 7 जनवरी को अपने परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शातिर चोर बंद पड़े घर से हजारों की नकदी, सोने-चांदी के जेवर व मंदिर से चांदी की मूर्ति समेत दानपात्र तक चोरी करके ले गए। चोरों ने दरवाजे का कुंडा तोड़ा। उसके बाद घर में एंट्री की। वैसे तो सुरक्षा के लिहाज से मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, लेकिन चोरों को इनसे कोई भय नहीं लगा।

कैंट के कुंज बिहार निवासी हन्नी कुमार ने बताया कि वह 7 जनवरी को अपने परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में गया था। 8 जनवरी को वापस घर लौटा। देखा तो मकान के अंदर दरवाजे का कुंडा टूटा हुआ था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि घर की अलमारी में रखा 52 हजार रुपए कैश, सोने की चेन, कान की बालियां, चांदी की पाजेब, मंदिर में रखी चांदी की मूर्ति, सिक्के व मंदिर में रखा दानपात्र समेत अन्य सामान गायब था। हन्नी ने बताया कि उसके मकान में कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन जब उसने कैमरों की जांच की तो शातिर चोर डीवीआर व पैन ड्राइव भी साथ ले गए। अब महेशनगर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

# अब मिशन अस्पताल में रोज होगी शाम को ओपीडी, जरुरतमंदों को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। शाम को ओपीडी में मरीज चेक करते चिकित्सक।

फिलाडेल्फिया अस्पताल में अब रोजाना सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक विभिन्न बिमारियों हेतु विशेषज्ञों ओपीडी प्रारंभ की गई है। मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक़ ने बताया कि सर्दी की वजह से कई मरीज़ दिन में आने में असमर्थ होते हैं। उनकी सुविधा के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आखों, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, नाक कान गला एवं गेस्ट्रो के विशेषज्ञ रोजाना मरीज़ो को जांचेंगे। उनका कुशलता पूर्वक इलाज किया जाएगा 1 इस सुविधा को सभी ज़रूरतमंदों के लिए खोला गया है 1 इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए अस्पताल के बोर्ड मेंबर्स, डॉक्टर्स एवं प्रशासन ने अथक प्रयास किया है 1 डॉ. सादिक ने बताया कि रोजाना शाम को शुरू हुई ओपीडी के नतीजे पहले दिन से ही मिलने शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को तीन घंटे की ओपीडी में काफी संख्या में लोग अपना चेकअप करवाने आए थे। इस दौरान उन्हें राहत देने का हर संभव प्रयास किया गया।

### एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने घूसखोरी में डीएसपी काबू किया

**अंबाला।** एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने एक लाख की घूस के मामले में अब डीएसपी महावीर सिंह को भी काबू कर लिया है। इस मामले में पहले एंटी क्रप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर सोमेश कुमार व डीएसपी के रीडर अशोक राणा की रंगे हाथों गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल अंबाला छावनी के रहने वाले संजय गोयल की शिकायत पर एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने अपने ही अधिकारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की थी। उसने शिकायत में बताया था कि उसने 2022 में आयुक्त कार्यालय में तैनात क्लर्क संजय सैनी व एक राजस्व अधिकारी के खिलाफ शिकायत दी थी। इस शिकायत की जांच डीएसपी महावीर सिंह की अगुवाई में इंस्पेक्टर सोमेश कर रहे थे। परिवादी का आरोप था कि शिकायत के बावजूद आरोपियों ने कार्रवाई नहीं की। उल्टा उससे ही एक लाख रुपये की घूस मांगने लगे। तब संजय ने मामले की शिकायत एंटी क्रप्शन ब्यूरो के उच्चाधिकारियों को दी। इसी आधार पर एंटी क्रप्शन ब्यूरो ने एक लाख रुपये की घूस लेते हुए इंस्पेक्टर सोमेश कुमार, रीडर अशोक को काबू किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## दसवीं पास के साथ शारीरिक तौर पर स्वस्थ होना चाहिए आवेदक

# छह ब्लॉक में भर्ती किए जाएंगे दो सौ से ज्यादा चौकीदार

- 21 से 45 साल की उम्र के कर पाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रशासन की ओर से ग्रामीण चौकीदारों की बंपर भर्ती निकाली है। जिले के छह ब्लॉक में 200 से ज्यादा चौकीदार भर्ती किए जाएंगे। यह पहला मौका है जब प्रशासन की ओर से ग्रामीण चौकीदारों की एक साथ इतनी भर्ती निकाली है।

जिला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि ग्रामीण चौकीदार पद के लिए कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता हैं। उन्होंने बताया कि अंबाला ब्लॉक वन में 53, अंबाला ब्लॉक 2 में 14, बराड़ा में 35, नारायणगढ़ में 45, साहा में 40 व ब्लॉक शहजादपुर में 23 चौकीदार भर्ती किए जाएंगे। उन्होनें बताया कि अंबाला ब्लॉक वन के गांव अहमपुर, अमीपुर, बडौला, बडौली, बेगोमाजरा, बहबलपुर, बाहंपुर-नकटपुर, भड़ी, भूरा माजरा, छपरा, छोटा बड़ौला, दानीपुर, धन्यौडा, धुराला में 1-1 पद पर ग्रामीण चौकीदार भर्ती किए जाएंगे। इसी तरह गांव बलाना, भानोंखेड़ी व दुखेड़ी में 2-2 पद ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने हैं। अंबाला ब्लॉक टू के गांव बरनाला, गरनाला, खतौली, मुन्नरहेड़ी, रौंला व पंजोखरा साहिब में 1-1 पद तथा गांव भीलपुरा, खुड्डा कलां, मंगलई व सपेड़ा में 2-2 पद ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने हैं। खंड बराड़ा में गांव अबदुल्लाहगढ, अधोई, अधोया-एच, अकालगढ़, बिकमपुर, धीन, डुलियाना, डुलियानी, फोकसा, गगनपुर, होली, सरदाहेड़ी, सैहला, शेरपुर, सिंबला, सीवनमाजरा, तलहेड़ी-रांगड़ान, तंदवाल, तंदवाली व जफरपुर में 1-1 पद तथा गांव उगाला में 2 पद ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने हैं। खंड नारायणगढ़ में गांव अंधेरी, बधौली, बड़ा गांव, बड़ी रसौल, बरौली, बस्सू माजरा, बेरखेड़ी, बरेडी खुर्द, भूखड़ी, ब्राहा्रण माजरा, बढ़ाखेड़ा, चेचीमाजरा, छज्जल माजरा, छोटी रसौर, धनौरा, डेरा, फतेहपुर-126, फिरोजपुर, फिरोजपुर काठ, हड़बौन, ज्यौली, झीड़ीवाला, कालाअंब, काठेमाजरा, खेडकी जटां, कोहड़ाभूरा, कुल्लडपुर, कुराली, लाहा, लौटां, मिल्क, मीरपुर, मुगलमाजरा, मन्नुमाजरा, नगला राजपुतान, नन्हेड़ा, औखल, पंजलासा, पुल्लेवाला, सम्भालवा, संगराणी, शाहपुर, शाहपुर नुर्द, टपरियां रूलदू की व टोका में 1-1 पद ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने हैं।

### अभ्यार्थी की आयु 21वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो

इसी प्रकार खंड शहजादपुर में गांव बड़ी बस्सी, मंगलौर, फतेहगढ़, तंदवाल, पतरेहड़ी, तसडौली, संतोखी, बंनौदी, मुकंदपुर, गोबिंदपुर, कक्कड़माजरा, खुर्द, गणेशपुर, धमौली बिचली, कोडवाकंला, मध्घरपुरा, कंडासन, धमौली उपरली, रतौर, बिचपड़ी व छज्जू माजरा में 1-1 पद तथा शहजादपुर में 2 पद ग्रामीण चौकीदार के लिए भरे जाने शामिल हैं। बीडीपीओ ने बताया कि चौकीदार पद के लिए अभ्यार्थी की आयु 21वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यार्थी सरकारी स्कूल या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से हिंदी/ संस्कृत सहित कम से कम 10वीं पास हो। शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। योग्य व अच्छे नैतिक चरित्र वाला तथा अभ्यार्थी उसी पंचायत के सभा एरिया का होना चाहिए। ग्रामीण चौकीदार को समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारण अनुसार मानदेय व भत्ते दिए जाएंगे। आवेदन के लिए आवेदनकर्ता अपना आवेदन संबंधित तहसीलदार-नायब तहसीलदार के कार्यालय में 12 से लेकर 26 जनवरी तक प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर जमा करवा सकता हैं। 26 जनवरी के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।